मध्य प्रदेश में केलो परियोजना की स्वीकृति

9. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 30 नवम्बर, 1995 की स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश में प्रस्तावित केलो परियोजना को स्वीकृत करने हेतु किन-किन औपचारिकताओं की पूर्ति होना शेष है;

(ख) वर्ष 1995-96 तक कौन-कौन सी औपचारिक स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं तथा किन-किन स्वीकृतियों को नामंजूर किया गया है;

(ग) राज्य सरकार द्वारा औपचारिक स्वीकृतियां प्रदान करने हेतु 30 नवम्बर, 1995 तक किन-किन आवश्यकताओं को पूरा किया गया है तथा किन-किन आवश्यकताओं का राज्य सरकार स्तर पर पूरा किया जाना शेष है; और

(घ) राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना को प्रारंभिक स्वीकृति देने की तिथि से 30 नवम्बर, 1995 तक विभिन्न मदों पर व्यय की गई धनराशि का मद-वार ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) मध्य प्रदेश राज्य सरकार को कोयला खानों की जलमग्नता के संबंध में कोयला मंत्रालय, पर्यावरण और वन स्वीकृति के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त करनी अपेक्षित है और केन्द्रीय मृदा और सामग्री अनुसंधानशाला, नई दिल्ली के परामर्श से निर्माण सामग्री पहलुओं को अंतिम रूप देना है।

(ख) और (ग) जल विज्ञान, सिंचाई आयोजना, डिज़ाईन और लागत प्राक्कलन आदि जैसे मूल आयोजना मामले स्वीकृत किए गए हैं। राज्य सरकार को पर्यावरण और वन मंत्रालय को प्रतिपूरक वनरोपण पर विवरण प्रस्तुत करने अपेक्षित है।

(घ) आठवीं योजना में परियोजना के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है और मार्च, 1996 तक आठवीं योजना में कोई व्यय नहीं किया गया। प्रारंभिक सर्वेक्षण और अन्वेषणों पर राज्य सरकार द्वारा किए गए व्यय का विवरण केन्द्र में नहीं रखा जाता।

Funds provided for Rural Development Schemes in Karnataka

10. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) what is the total amount provided to Government of Karnataka by the Centre for implementing the various Rural Development Schemes during the last three years;

(b) what is the total number of beneficiaries of these schemes distrsict-wise in Karnataka;

(c) whether the entire amount has been untilised for the programmes; and

(d) the programmes where the Government of Karnataka has not utilised the funds during last three years?

THE MINISTER OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI K. YERRAN NAIDU): (a) to (d) Integrated Rural Development Programme (IRDP), Jawahar Rozgar Yojana (JRY) and Employment Assurance Scheme (EAS) are major rural development schemes being implemented by the centre all over the country including the State of Karnataka. The total amount provided under each scheme during last three years i.e. 1993-94, 1994-95 & 1995-96 in Karnataka is as under:—